| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 02 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 1.01.25 | J 2 | 2 बड़े सपने सच होंगे, मेट्रो ट्रेन, डबल डेकर बस दौड़ेगी 6 फ्लायओवर, एमआर-10 पर ISBT भी शुरू होंगे |



दैनिक भास्कर इंदौर 01-01-2025 Pg-J2

शहर

# नई शुरुआत का साल...

## क्योंकि... डबलडेकर ब्रिज, एयरपोर्ट जैसी सुविधा वाला आईएसबीटी और केबल कार जैसे प्रोजेक्ट शुरू होंगे



**2** लाख से ज्यादा वाहनों की राह आसान होगी

**2025** में पूरी तरह तैयार हो जाएगा ब्रिज

**650** मीटर लंबाई है इस ब्रिज की

तस्वीर शहर के पहले डबलडेकर फ्लायओवर की। लवकुश चौराहे पर यह आकार ले रहा है। सुपर कॉरिडोर से एमआर-10 तरफ की लेन शुरू हो चुकी है। एमआर-10 से सुपर कॉरिडोर तरफ की लेन भी जल्द शुरू होने वाली है। वहीं इंदौर-उज्जैन रोड पर नवंबर 2025 तक ब्रिज तैयार हो जाएगा।

फोटो | ओपी सोनी

इन्फ्रास्ट्रक्चर

## 2 बड़े सपने सच होंगे; मेट्रो ट्रेन, डबल डेकर बस दौड़ेगी 6 फ्लायओवर, एमआर-10 पर ISBT भी शुरू होंगे

राहुल दुबे/संदीप पारे | इंदौर

वर्ष 2025 में शहर को लोक परिवहन और सुगम ट्रैफिक के लिए बड़ी सौगातें मिलेंगी। सबसे बड़ी सौगात मेट्रो ट्रेन के रूप में मिलने वाली है। शहरवासी गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर के टीसीएस चौराहे तक इसमें यात्रा कर सकेंगे। कमर्शियल रन साल के पहले महीने यानी 25 जनवरी से प्रस्तावित है। इसके साथ ही लवकुश चौराहा, सत्यसाई, रेती मंडी, देवास नाका, अर्जुन बड़ौद और रालामंडल फ्लायओवर की सौगात भी 2025 में मिल जाएगी। सब कुछ ठीक रहा तो भगवान महाकाल तक भी मेट्रो के सफर की नींव रखी जा सकती है। इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन अथॉरिटी का गठन भी नए युग की शुरुआत करेगा। आईटी, स्टार्टअप क्षेत्र में नई कंपनियों की आमद होगी। 20 हजार से ज्यादा नए रोजगार के अवसर भी बनेंगे।

### ये उपलब्धियां इंदौर को देंगी नए आयाम

- एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं वाला आईएसबीटी एमआर-10 पर कुमेड़ी में फरवरी में शुरू होगा।
- कला व संगीत प्रेमियों को मराठी संकुल परिसर जल्द मिलेगा।
- सिंहासा स्थित आईटी पार्क में कंपनियों की बुकिंग फरवरी से।
- जुलाई तक बिजलपुर में बन रहे एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान, खेल परिसर और रनिंग ट्रैक की सौगात मिलेगी।
- प्रदेश का पहला प्लग इन प्ले रेडीमेड कॉम्प्लेक्स शुरू होगा।
- कुमेड़ी आईएसबीटी से सरवटे बस स्टैंड के बीच एमआर-4 सड़क का निर्माण पूरा हो जाएगा।

### ये बड़े काम भी शुरू होंगे

- सुपर कॉरिडोर पर पीपीपी मॉडल पर स्टार्टअप कॉम्प्लेक्स निर्माण।
- एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल का काम शुरू होगा। इंटरनेशनल फ्लाइट बढ़ेंगी।
- एयरपोर्ट के पास कन्वेंशन सेंटर और पांच सितारा होटल।
- मध्य शहर के दो रूट पर केबल कार का काम शुरू होने की उम्मीद।
- बड़ा गणपति, गांधी नगर, राजीव गांधी चौराहा फ्लायओवर व कैलोद हाला आरओबी का काम शुरू होगा।
- एबी रोड पर नौलखा, शिवाजी वाटिका, गीताभवन, पलासिया व एलआईजी पर ब्रिज बनना शुरू होंगे।
- दशहरा मैदान पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का काम शुरू होगा।

ट्रेवल

## 4 प्लेटफॉर्म, 23 लिफ्ट, 17 एस्केलेटर, 3 FOB रहेंगे

गौरव शर्मा | इंदौर

जनवरी 2025 से इंदौर रेलवे स्टेशन का रीडेवलपमेंट काम शुरू हो जाएगा। जी प्लस-2 स्टेशन बनेगा। नए रेलवे स्टेशन पर ग्राउंड फ्लोर पर चार हाईलेवल प्लेटफॉर्म रहेंगे। 23 लिफ्ट, 17 एस्केलेटर और 3 एफओबी रहेंगे। ग्राउंड फ्लोर पर वीआईपी लाउंज, वेटिंग एरिया, कैफेटेरिया, पार्किंग सहित अन्य सभी सुविधाएं रहेंगी। 1290 लोग एकसाथ बैठने के लिए सिटिंग कैपेसिटी रहेगी। प्लेटफॉर्म-1 का नवीनीकरण होगा। प्लेटफॉर्म 2, 3 और 4 नए सिरे से बनाए जाएंगे।

### 3 साल में तैयार होगा, 1 लाख यात्री क्षमता

सांसद शंकर लालवानी ने कहा, निर्माण एजेंसी फाइनल हो गई है। जनवरी से निर्माण शुरू हो जाएगा। तीन साल में निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके बनने के बाद 1 लाख से ज्यादा यात्री हर दिन आवाजाही कर सकेंगे। पार्किंग एरिया में एकसाथ 309 कारें खड़ी हो सकेंगी। 2 इंक्वायरी काउंटर। कम्प्यूटराइज्ड बेस अनाउंसमेंट सिस्टम के साथ ही रिफ्रेशमेंट रूम भी रहेगा।

सुरक्षा

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 03 | Free Press Journal | Indore | 1.01.25 | 06 | New Year brings hope of 1 lakh jobs, new industries |



# New Year brings hope of 1 lakh jobs, new industries

Our Staff Reporter
BHOPAL

The state has entered the New Year mode. Each year arrives with hopes of prosperity. This year's hope lies in job market. Chief Minister Mohan Yadav has promised to give one lakh jobs to youths who hope to get employment in government and private sectors. The government has also decided to celebrate 2025 as the Year of Industry. From the government's decision to [illegible]lebrate 2025 as a year of in[illegible] it is e[illegible] to[illegible] d[illegible] is going [illegible]vestors' Summit in Bh[illegible]l next month. Before this, the regional investors' conclaves were held. Efforts to set up industries should be apparent in government's action. Employment and industry are closely connected. If industries are set up, the youths will get jobs in the state.

## Govt buses again



Work is going on to restart the government bus services, for which a proposal will be sent to the cabinet this year. The buses are going to start from Indore and Ujjain. All eyes are set on the restarting government bus services which have been lying dormant for several years. To run the buses, companies will be set up in seven divisions.

## Metro train's commercial run

The New Year is coming with the gift of Metro train to the city. Its first commercial operation will start in July. The first Metro train will run between Subhash Nagar Metro Depot to AIIMS. On the way, it will cover eight Metro stations.

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation has done all the necessary arrangements in this regard. Total 27 Metro trains are sanctioned for Bhopal and one of the five Metro trains has arrived.

## Cheetahs in Gandhi Sagar sanctuary



About three to five cheetahs will be translocated to Gandhi Sagar Sanctuary situated across Mandsaur and Neemuch district. Their arrival will be a big achievement for Madhya Pradesh. After Kuno National Park, Gandhi Sagar Sanctuary will be the second one to have cheetahs.

## Master plans for Bhopal, Indore



It is expected that the long-awaited draft master plans for Bhopal and Indore will be issued this year. The government promised to issue draft master plans for both the cities in December. Now, January has arrived, and people are waiting for it, so that both cities can be properly developed. The government has also assured that Bhopal and Indore will be made metropolitan cities. Plans are afoot to render the promise into reality.

## Delimitation of divisions, dists expected

It is expected that delimitation of divisions and districts will start in 2025. On the basis of the report to be submitted by the delimitation commission, the government will delimit the districts afresh. It is expected that this work will start this year. The delimitation work will start in divisions, districts, Tehsils and blocks.

## Take-off: International flights likely

International fights are likely to be launched from Bhopal. Bhopal MP Alok Sharma who has taken initiative in this regard said, "By making Bhopal more accessible to international travellers, AAI is opening up new opportunities for businesses, investors and tourists to explore the city and its surrounding region." Raja Bhoj International Airport has been authorised as an immigration check post for entry and exit from India. The airport was notified as a customs airport on March 13, 2024.

## Cruise from Statue of Oneness to Statue of Unity



The plan to run a cruise between the Statue of Unity and the Statue of Oneness may be completed this year. The Department has started building a cruise terminal at Meghnath Ghat (Kukshi). Madhya Pradesh Tourism Department will launch Textile Tourism in Maheshwar and Shilp Handloom Tourism in Unchehra of Satna and Bherugarh of Ujjain in association with Union Textile Ministry. The department also plans to send a proposal to Sangeet Natak Academy for inclusion of Bhagoria tribal dance, Gond painting, Narmada Parikrama in UNESCO's Intangible Cultural Heritage category. Celebrated sitar player Anushka Shankar will feature in a new TV commercial for promoting tourism in the state, which will be released in 2025.

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 3.1.2025 | 03 | मेट्रो स्टेशन और आईएसबीटी को जोड़ने वाले ब्रिज का निर्माण शुरू |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 3 January 03, 2025

# मेट्रो स्टेशन और आईएसबीटी को जोड़ने वाले ब्रिज का निर्माण शुरू

## यात्री मेट्रो से सीधे आईएसबीटी परिसर में पहुंचेंगे

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9584460010

इंदौर विकास प्राधिकरण के अनुरोध पर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मेट्रो स्टेशन को आईएसबीटी बस स्टैंड से जोड़ने के लिए ब्रिज का निर्माण शुरू कर दिया है, जिससे शहरवासी मेट्रो की यात्रा कर सीधे आईएसबीटी बस स्टैंड पहुंच सकेंगे। इसलिए बस स्टैंड परिसर में ही मेट्रो स्टेशन की अप्रोच सड़क और सीढ़ियां बनाई जाएंगी। आगामी दो माह में यह ब्रिज बनकर तैयार होगा। मेट्रो को इसी तरह अंडरग्राउंड एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा।

मेट्रो सिविल एलिवेटेड विभाग के एमडी रणवीरसिंह राजपूत ने बताया कि मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का फोकस अब मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर, जो कि मेट्रो स्टेशन एससी-3 से रेडिसन चौराहे तक है, का सिविल वर्क पूरा करने पर है। यहां मेट्रो के ट्रैक का काम तो पूरा हो गया है, लेकिन मुख्य रूप से वर्तमान में स्टेशन की इमारत का निर्माण जारी है। इसके साथ ही स्टेशन पर पहुंच के लिए सीढ़ियों और ब्रिज का निर्माण जारी है। एमआर-10 ब्रिज के पास मेट्रो के स्टेशन और आईएसबीटी को जोड़ने के लिए ब्रिज का सिविल वर्क आरंभ किया दिया गया है। इस ब्रिज की लंबाई अन्य ब्रिज से अधिक है। मेट्रो को एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए अंडरग्राउंड कॉरिडोर बनाया जाएगा।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 05 | पत्रिका | इंदौर | 3.1.2025 | 02 | बसों से आइएसबीटी आने वाले यात्री पैदल पुल से मेट्रो ट्रेन तक पहुंच सकेंगे<br>आइएसबीटी-मेट्रो का 'मिलन' ब्रिज |





इंदौर, शुक्रवार 03 जनवरी 2025

सुविधा

**बसों से** आइएसबीटी आने वाले यात्री पैदल पुल से मेट्रो ट्रेन तक पहुंच सकेंगे

## आइएसबीटी-मेट्रो का 'मिलन' ब्रिज

**इंदौर @ पत्रिका.** करीब 100 करोड़ की लागत से बने कुमेड़ी आइएसबीटी का जनवरी के अंतिम सप्ताह तक शुभारंभ होना प्रस्तावित है। पास में ही मेट्रो कॉरिडोर का काम चल रहा है। इस रुट पर जून 2025 तक मेट्रो शुरू होने की तैयारी है। आइएसबीटी को मेट्रो से जोड़ने के लिए पैदल पुल बन रहा है। अलग-अलग जिलों व राज्यों से बसों से सफर कर आइएसबीटी आने वाले यात्रियों को मेट्रो की यात्रा में परेशानी न हो इसलिए पैदल पुल से जोड़ा जा रहा है। आइएसबीटी से यात्री पैदल पुल के जरिए सीधे मेट्रो स्टेशन पहुंच सकेंगे। पैदल पुल का काम तेजी से चल रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 06 | नवभारत | इंदौर | 5.1.25 | 3 | आपसी सामंजस्य से शेष बचे कार्यो को प्रोटोकॉल के अनुसार पूर्ण करे |

# आपसी सामंजस्य से शेष बचे कार्यों को प्रोटोकॉल के अनुसार पूर्ण करें

## मेट्रो प्रबंध संचालक ने दिए निर्देश

**इंदौर.** मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य, द्वारा आज सुपर प्रयोरिटी कोरिडोर (गांधीनगर स्टेशन से एस सी -3 स्टेशन) एवं गांधीनगर डिपो के साथ-2 सम्पूर्ण प्रयोरिटी कॉरीडोर पर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई. इस दौरान कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी इन्स्पेक्शन के लिए तैयारी को लेकर निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा की गई.

प्रबंध संचालक द्वारा गांधी नगर डिपो एवं स्टेशन पर पैसेंजर रन से संबंधित इन्स्पेक्शन एवं जरूरी गए. प्रबंध संचालक ने प्रोजेक्ट से जुड़े सभी कॉन्ट्रेक्टर्स को निर्देश दिए की आपसी सामंजस्य से शेष बचे कार्यों को प्रोटोकॉल के अनुसार पूर्ण कर लिया जाए. प्रबंध संचालक ने सम्पूर्ण प्रयोरिटी कॉरीडोर के 16 स्टेशन के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की. सिविल तथा सिस्टम के कार्यों को आपसी समन्वय से समानांतर पूर्ण करने के निर्देश दिए.

साथ ही एमआर-10 तथा खजराना चौराहा पर बन रहे रिसिविंग सब-स्टेशन की प्रगति को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं



दस्तावेजों प्रक्रिया की रिपोर्ट ली गई. गांधी नगर डिपो मे बन रहे रोलिंग स्टॉक वाशिंग प्लांट की प्रगति रिपोर्ट ली गई एवं जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए निर्धारित समय मे पूर्ण करने के निर्देश दिए. समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारीगणके साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 07 | पत्रिका | इंदौर | 5.01.25 | 2 | रफ़्तार के लिए नए  सफर को तैयार इंदौर, कमर्शियल रन का अब अंतिम दौर |

पत्रिका {इंदौर प्राइम}
INDORE PRIME
पत्रिका SUNDAY 02
इंदौर, रविवार 05 जनवरी 2025
patrika.com

20 को आ सकती है सीएमआरएस की टीम, मेट्रो ट्रेन की वाशिंग के लिए लग रहा आधुनिक प्लांट, एमडी ने की समीक्षा

# रफ्तार के नए सफर को तैयार इंदौर, कमर्शियल रन का अब अंतिम दौर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मेट्रो सुपर प्रयोरिटी कॉरिडोर पर कमर्शियल रन को लेकर निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है, तैयारियां अंतिम दौर में हैं। कमिश्नर मेट्रो रेल सिक्योरिटी (सीएमआरएस) की टीम का दौरा 20 जनवरी को संभावित है। सिक्योरिटी क्लीयरेंस मिलते ही ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा।

सीएमआरएस की टीम अभी दूसरी जगह का सिक्योरिटी ऑडिट कर रही है जो 15 जनवरी तक चलेगा। इसके बाद वह इंदौर आएगी। 20 जनवरी को दौरा संभावित है। अफसरों ने 26 जनवरी को ट्रेन शुरू करने की तैयारी की है, देरी होने पर कमर्शियल रन फरवरी के पहले सप्ताह तक टल सकता है। शनिवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने अफसरों व ठेकेदारों की समीक्षा बैठक लेकर काम की प्रगति को समझा। गांधीनगर डिपो में रोलिंग स्टॉक वॉशिंग प्लांट बन रहा है। यहां मेट्रो कोच की वाशिंग के लिए आधुनिक मशीनें लग रही है, इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सभी 16 स्टेशन पर चल रहे कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली।





## अंडरग्राउंड ट्रैक पर मुख्य सचिव ने की बात

भोपाल में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अफसरों के साथ बैठक कर भोपाल व इंदौर प्रोजेक्ट की समीक्षा की। इंदौर में प्रस्तावित अंडरग्राउंड ट्रैक की जानकारी ली। अभी एमजी रोड से एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड ट्रैक का टेंडर हुआ है, लेकिन जनप्रतिनिधि खजराना से ट्रैक को अंडरग्राउंड करने की मांग कर रहे हैं। अफसरों ने बताया कि अंडर ग्राउंड ट्रैक का दायरा बढ़ता है तो करीब 2 हजार करोड़ का खर्च बढ़ेगा। हालांकि अभी इस पर कोई फैसला नहीं हो पाया है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 08 | नईदुनिया | इंदौर 5.1.25 | 7 | | मेट्रो कोच की सफाई करने गाँ धी नगर में तैयार किया जा रहा वाशिंग प्लांट |



# मेट्रो कोच की सफाई करने गांधी नगर में तैयार किया जा रहा वाशिंग प्लांट

## बैठक ● सीएमआरएस के आने पहले तय मापदंड अनुसार कार्य पूरे करने के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर:** मेट्रो कोच का संचालन जनवरी माह के अंत तक होना है। शुरुआत में छह कोच सेट से मेट्रो का संचालन शुरू होगा। कोच की धुलाई सफाई के लिए गांधी नगर डिपो परिसर में विशेष आटोमेटिक वाशिंग सेंटर तैयार किया गया है। इसमें कोच के पहुंचते ही मशीनों से कोच की बाहर धुलाई की जाएगी। वाशिंग सेंटर के पानी को रिसाइकल फिर उपयोग किया जाएगा। शनिवार को मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने इस वाशिंग सेंटर का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सुपर प्रायरिटी कारिडोर पर कमर्शियल रन के लिए चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। 18 जनवरी के बाद कमिश्नर आफ मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम निरीक्षण के लिए आएगी। इसके पूर्व मेट्रो प्रबंधन द्वारा दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। ऐसे में एमडी में निरीक्षण से पूर्व के कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। एमडी ने प्रोजेक्ट से जुड़े सभी कांट्रेक्टर को निर्देश दिए की आपसी सामंजस्य से शेष बचे कार्यों को सीएमआरएस के प्रोटोकाल के अनुसार पूरा कर लिया जाए। इसके अलावा एमडी ने गांधी नगर से से रेडिसन चौराहे तक 17 किलोमीटर हिस्से तक 16 मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य जुलाई 2025 तक पूरा करने के निर्देश भी दिए।

मेट्रो को विद्युत प्रदाय करने के लिए एमआर-10 व खजराना चौराहे रिसिविंग सब स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसमें खजराना चौराहे के पास सब स्टेशन का निर्माण जल्द शुरू होगा। वहीं एमआर-10 पर सब स्टेशन का स्ट्रक्चर बन गया और उपकरणों का इंस्टालेशन भी हो गया है।



बैठक में अधिकारियों से जानकारी लेते मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य । ● सौजन्य

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 09 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 7.1.2025 | 05 | एमपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन में विभिन्न पदों के लिए आवेदन 17 तक |

दैनिक भास्कर इंदौर 07-01-2025

Pg-05

# एमपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन में विभिन्न पदों के लिए आवेदन 17 तक

इंदौर | एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड में सीनियर सुपरवाइजर और सुपरवाइजर पद पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस भर्ती के लिए एमपी मेट्रो की ऑफिशियल वेबसाइट www.mpmetrorail.com पर आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसके तहत 17 जनवरी तक इन पदों के लिए आवेदन किए जा सकते है। इसके लिए कुल 26 पद निकाले गए हैं। जिनमें सीनियर सुपरवाइजर आपरेशंस, सुपरवाइजर ऑपरेशन्स और सीनियर सुपरवाइजर सिक्योरिटी शामिल है। ऑफिशियल वेबसाइट में इसका पे स्केल और शैक्षणिक योग्यताएं दी गई हैं।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 9.1.2025 | 03 | दिल्ली मेट्रो की तर्ज पर बने इंदौर के कामगार मेट्रो स्टेशन, मिलेंगी सारी सुविधाएं |


पीपुल्स समाचार

इंदौर सिटी Page: 3 January 09, 2025


इंदौरवासियों का स्वागत करने के लिए मेट्रो तैयार, फिलहाल पांच किमी रूट पर चलेगी

# दिल्ली मेट्रो की तर्ज पर बने इंदौर के मेट्रो स्टेशन, मिलेंगी सारी सुविधाएं

## बाहरी और अंदरूनी साज-सज्जा का काम जारी


पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

मो.नं. 9584460010



इंदौर मेट्रो के पब्लिक रन की तैयारियां मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर तेजी चल रही है। जल्द ही पांच किमी लंबे इस रूट पर मेट्रो शहर के आम नागरिकों के लिए आरंभ होगी, जिसके लिए मेट्रो के पांच स्टेशन बनकर लगभग तैयार हो चुके हैं। मेट्रो चलाने के लिए सीएमआरएस टीम जांच के लिए इंदौर आ सकती है। वर्तमान में इसके लिए दस्तावेज फाइल करने की प्रक्रिया अंतिम दौर में चल रही है। 20 जनवरी के पहले मेट्रो का सीएमआरएस परीक्षण पूरा हो सकता है, जिसके बाद सरकार को लोकार्पण की तारीख तय करनी होगी।



मेट्रो स्टेशन बनकर तैयार।

## इंदौर में दिल्ली मेट्रो का अहसास

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि हमारा प्रयास है कि मेट्रो के पब्लिक ट्रायल की समयसीमा नहीं बढ़ाना पड़े और जनवरी माह में मेट्रो का सफर इंदौरियों को करवा दिया जाए। गांधीनगर से टीसीएस चौराहे तक पांच किमी में मेट्रो के स्टेशन बनकर तैयार हो चुके हैं। सभी स्टेशन का पैटर्न दिल्ली मेट्रो स्टेशन जैसा ही है। स्टेशन के अंदर टिकट काउंटर, पूछताछ केन्द्र, मेट्रो मैप डिस्प्ले काउंटर, लिफ्ट, एक्सेलेटर सहित अनाउंसमेंट सभी कुछ दिल्ली के मेट्रो स्टेशन जैसा ही बनाया गया है। यहां आने के बाद आपको दिल्ली मेट्रो के सफर का अनुभव होगा।



टिकट काउंटर भी बनकर तैयार है।

### मेट्रो संचालन की ये तैयारी

1. प्लेटफॉर्म पर बैठने के लिए कुर्सियां
2. सीसीटीवी कैमरों से होगी सुरक्षा। लिफ्ट व एस्केलेटर से प्लेटफॉर्म पर पहुंच सकेंगे
4. पेयजल व सुविधाघर
5. टिकट काउंटर
6. समय की जानकारी देती घड़ी
7. ट्रेन के आने की जानकारी देते डिस्प्ले बोर्ड
8. दृष्टिबाधितों के लिए प्लेटफॉर्म पर विशेष प्रकार की लगाई गई टाइल्स

> 5.9 किलोमीटर मेट्रो का ट्रैक बनकर तैयार हो रहा है। यहां चलने के लिए सीएमआरएस निरीक्षण की तैयारी की जा रही है। जल्द ही इसके लिए दल इंदौर आएगा। हमारा प्रयास है कि इंदौर में मेट्रो शुरू करने के लिए समयसीमा नहीं बढ़ाई जाए।
>
> **-शोभित टंडन**, तकनीकी डायरेक्टर, मेट्रो कॉर्पोरेशन

## अब तक 11 मेट्रो ट्रेन के सेट इंदौर पहुंचे चुके

मेट्रो सीएमआरएस परीक्षण और ट्रेन संचालन शुरू करने से पहले फाइनल टेस्टिंग प्रक्रिया में है। इंदौर के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर हम इस ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके लिए प्लेटफॉर्म से लेकर स्टेशन तक सभी तैयारियां की जा रही हैं। इसके साथ ही अब तक 11 मेट्रो ट्रेन के सेट इंदौर पहुंचे चुके हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर संकेतक लगाए हैं, ताकि यात्रियों का सफर आसान और आरामदायक रहे। वर्तमान में मेट्रो स्टेशन के अंदर और बाहर सजावट का कार्य किया जा रहा है।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 10.1.2025 | 01 | एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में विभिन्न पदों के लिए आवेदन 17 जनवरी तक |

डीबी स्टार इंदौर 10-01-2025

Pg-01

# एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में विभिन्न पदों के लिए आवेदन 17 जनवरी तक

इंदौर (डीबी स्टार)। एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएम आरसीएल) में सीनियर सुपरवाइजर और सुपरवाइजर पद पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस भर्ती के लिए एमपी मेट्रो की ऑफिशियल वेबसाइट www.mpmetrorail.com पर आवेदन प्रक्रिया जारी है। 17 जनवरी तक इन पदों के लिए आवेदन किए जा सकते है। कुल 26 पद निकाले गए हैं। जिनमें सीनियर सुपरवाइजर ऑपरेशंस, सुपरवाइजर ऑपरेशन और सीनियर सुपरवाइजर सिक्योरिटी शामिल है। वेबसाइट में इसका पे स्केल और शैक्षणिक योग्यताएं दी गई हैं। इसमें शार्ट लिस्ट किए गए कैंडिडेट्स के इंटरव्यू लिए जाएंगे। इसकी सूचना संबंधित अभ्यर्थियों को भेज दी जाएगी। कॉर्पोरेशन ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे नौकरी के लिए किसी की बातों में न आएं।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Dainik Bhaskar | Indore | 12.1.2025 | 02 | कमर्शियल रन के लिए मेट्रो तैयार,सीएमआरएस की हरी झंडी का इंतज़ार |

दैनिक भास्कर इंदौर 12-01-2025 Pg-02




गांधी नगर स्थित डिपो में खड़ी ट्रेनें। फोटो : संदीप जैन

# कमर्शियल रन के लिए मेट्रो तैयार, सीएमआरएस की हरी झंडी का इंतजार

**इंदौर** | गांधी नगर से टीसीएस चौराहे तक कमर्शियल रन की तैयारियां अभी भी जारी हैं। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अफसर सीएमआरएस के ऑडिट का इंतजार कर रहे हैं। एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने शनिवार को मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का निरीक्षण किया। कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) इंस्पेक्शन की तैयारियों का जायजा लिया। स्टेशन के सभी सिस्टम रूम में चल रहे कामों पर चर्चा की।

## वाया डक्ट के लिए सेगमेंट की कास्टिंग शुरू

एमडी ने मालवीय नगर स्टेशन से आगे के काम की जानकारी मांगी। अधिकारियों ने बताया कि शहीद बगीचा और खजराना चौराहा पर बनने वाले वाया डक्ट के लिए पहले सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य शुरू हो गया है। गांधी नगर डिपो में उन्होंने कंट्रोल में व्यवस्थाओं, इन्स्पेक्शन-बे पर ट्रेन, सिग्नलिंग से जुड़े कार्यों पर चर्चा की। गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर 3 नंबर स्टेशन पर चल रहे आंतरिक एवं बाहरी सौंदर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया।

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | Patrika | Indore | 12.1.2025 | 03 | कमर्शियल रन के लिए मेट्रो तैयार,सीएमआरएस की हरी झंडी का इंतज़ार |

पत्रिका {इंदौर प्राइम}
पत्रिका
इंदौर, रविवार
12 जनवरी 2025
SUNDAY
INDORE PRIME
patrika.com

### खजराना रिंग रोड पर सेगमेंट का काम शुरू, एमडी ने किया कार्यों का निरीक्षण

# कमर्शियल रन को तैयार है मेट्रो, सीएमआरएस की हरी झंडी का इंतजार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com





**इंदौर.** मेट्रो के इस महीने प्रस्तावित कमर्शियल रन के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। कमिश्नर मेट्रो रेल सिक्योरिटी (सीएमआरएस) के दौरे का इंतजार है। सीएमआरएस से हरी झंडी मिलते ही ट्रेन का संचालन करीब 6 किलोमीटर हिस्से में शुरू कर दिया जाएगा।

सीएमआरएस की टीम पहले दौर में रोलिंग स्टॉक और दूसरे दौर में पांच स्टेशनों का दौरा करेगी। टीम के सिक्योरिटी ऑडिट में किसी तरह की आपत्ति नहीं आती है तो तुरंत मेट्रो का संचालन गांधी नगर डिपो से 5.8 किमी में शुरू कर दिया जाएगा। टीम के 18 जनवरी के आसपास आने की संभावना है। टीम के आने में देरी होने से मेट्रो की शुरुआत भी प्रभावित होगी। शनिवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने अफसरों व ठेकेदार के प्रतिनिधियों के साथ कॉरिडोर का निरीक्षण किया।

**सेगमेंट की कास्टिंग का काम शुरू**

एमडी चैतन्य का कहना है, कमर्शियल रन के लिए तैयारी कर ली है। एमडी ने रिंग रोड पर शहीद चौराहे से खजराना चौराहे के बीच के काम की जानकारी ली। अफसरों ने बताया कि वहां पहले सेगमेंट की कास्टिंग का काम शुरू हो गया है। इस दौरान निदेशक शोभित टंडन, अजय गुप्ता, जीएम रणवीर सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 14 | peoples samachar | Indore | 12.1.2025 | 03 | एमडी बोले - ट्रेन चलाने के लिए हम तैयार, सिर्फ सीएमआरएस की एनओसी बाकी |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 3 January 12, 2025


# एमडी बोले- ट्रेन चलाने के लिए हम तैयार सिर्फ सीएमआरएस की एनओसी बाकी


पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584460010


मेट्रो ट्रेन इंदौर में चलने के लिए तैयार है। इंदौरवासी जनवरी माह के अंत में मेट्रो का सफर करेंगे। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने कहा कि इंदौर में 5.6 किलोमीटर के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो ट्रेन संचालन की तैयारी पूरी हो चुकी है। अब मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त का निरीक्षण होने बाकी है। संभवतः अगले सप्ताह सीएमआरएस टीम निरीक्षण के लिए इंदौर आ सकती है। यह दो चरणों में होगा।

**अगले सप्ताह सीएमआरएस की टीम इंदौर आने की उम्मीद** - शनिवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने इंदौर में मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। चैतन्य ने बताया कि गांधी नगर से टीसीएस मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चलाने के अब केवल सीएमआरएस का निरीक्षण होना बाकी है। इसके लिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त को पत्र लिख दिया है।

## इंदौरवासी इसी माह करेंगे मेट्रो का सफर



गांधी नगर डिपो में मेट्रो कंट्रोल रूम, मेट्रो ट्रैक का निरीक्षण करते हुए एमडी चैतन्य।

## दो बार में पूरा होगा निरीक्षण

सीएमआरएस की टीम दो बार आएगी। पहली बार मेट्रो ट्रेन निरीक्षण होगा, जिसमें डिपो से पांच स्टेशन मेट्रो तक चलाकर यात्रियों की सुरक्षा संबंधी अंतिम परीक्षण होगा। वहीं, दूसरा निरीक्षण मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा संबंधी होगा। इसमें उन सभी सुविधाओं को परखा जाएगा, जिसमें यात्री स्टेशन परिसर से लेकर प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए उपयोग करेंगे। वहीं, मेट्रो संचालन शुरू करने से पहले सभी पांच स्टेशन पर टिकट स्कैनर सहित सुरक्षा उपकरण लगाने का काम शुरू हो गया है। एमडी चैतन्य ने गांधी नगर डिपो में मेट्रो कंट्रोल रूम, इंस्पेक्शन-वे, मेट्रो ट्रैक, स्टेशन निर्माण सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया।

" मेट्रो संचालन के लिए हमने तैयारी कर ली है। अब सीएमआरएस निरीक्षण के बाद एनओसी जारी होना बाकी है। आयुक्त रेल सेफ्टी को पत्र लिखा है। जल्द ही मेट्रो का सीएमआरएस परीक्षण पूरा हो जाएगा। संभवतः इसी माह इंदौर में मेट्रो चलेगी।

–एस. कृष्ण चैतन्य, एमडी

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | Raj Express | Indore | 12.1.2025 | 05 | मेट्रो कार्यों में तेजी लाएं, प्रबंध संचालक ने किया निरीक्षण |



# मेट्रो के कार्यों तेजी लाएं, प्रबंध संचालक ने किया निरीक्षण

## कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी इन्स्पेक्शन की तैयारियों का जायजा लिया,समीक्षा बैठक की

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क



शनिवार को मध्यप्रदेश के इंदौर में एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा इंदौर मेट्रो सुपर प्रयोरिटी कॉरीडोर पर चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रबंध संचालक द्वारा कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी इन्स्पेक्शन की तैयारियों का जायजा लिया, एवं समीक्षा बैठक की गई है। प्रबंध संचालक द्वारा सबसे पहले गांधीनगर डिपो से स्थल निरीक्षण की शुरुआत की गई, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण अवयव कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया एवं सभी सिस्टम्स संबंधी कार्यों से जानकारी ली। प्रबंध संचालक द्वारा मालवीय नगर स्टेशन से आगे पैकेज आईएन04- एलेवेटेड कार्यों की प्रगति संबंधी जानकारी मांगी, जिसमे अधिकारियों ने बताया की, शहीद बगीचा ओर खजराना चौराहा पर बनने वाले वायाडक्ट के लिए पहले सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य शुरू हो गया है। स्टेशन के सभी सिस्टम रूम में कार्य तेज गति से चल रहे हैं। इसके बाद इन्स्पेक्शन-बे पर ट्रेन, सिगनलिंग इत्यादि प्रगति संबंधी सभी कार्यों से अवगत हुए। सीएमआरएस इन्स्पेक्शन के लिए संबंधित विभागों के साथ सभी महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया। गांधीनगर स्टेशन से सुपर कॉरिडर 03 स्टेशन पर चल रहे आंतरिक एवं बाहरी सौंदरीयकर्ण के कार्यों का निरीक्षण किया, एवं शेष बचे कार्यों को जल्द पुर्ण करने के निर्देश दिए।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | Nai Duniya | Indore | 12.1.2025 | 03 | मेट्रो स्टेशन पर लगे फ्लैप बैरियर गेट, बारकोड स्कैन करने पर खुलेंगे |



नईदुनिया
इंदौर, रविवार, 12 जनवरी, 2025



# मेट्रो स्टेशन पर लगे फ्लैप बैरियर गेट, बारकोड स्कैन करने पर खुलेंगे

- प्रत्येक स्टेशन पर टिकट घर के पास इन्हें लगाया गया है
- एमडी ने सुपर प्रायोरिटी कारिडोर की तैयारियों का निरीक्षण किया

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : जनवरी माह के अंत तक सुपर कारिडोर के 5.9 किलोमीटर हिस्से में शहरवासियों को मेट्रो में बैठ सफर करने की सुविधा मिलने की संभावना है। इसके लिए मेट्रो के पांच स्टेशन पर आटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम व उससे संबंधित फ्लैप बैरियर गेट लग गए है।

प्रत्येक स्टेशन में कांकोर लेवल पर बने टिकट घर के पास प्रवेश के दो मार्गों पर ये गेट लगाए गए हैं। मेट्रो में सफर करने वाले यात्री टिकट खरीदने के बाद पर्ची पर लगे बारकोड को इस गेट पर स्कैन कर मेट्रो में बैठ सकेंगे। भविष्य में मेट्रो में सफर के जारी होने वाले किराए राशि के कार्ड का उपयोग भी यहां पर किया जा सकेगा। गौरतलब है कि टर्की की असिस इलेक्ट्रानिक विंस कंपनी इंदौर और भोपाल मेट्रो स्टेशन पर आटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम लगा रही है। शनिवार को मेट्रो एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने सुपर प्रायोरिटी कारिडोर पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।



मेट्रो स्टेशन पर लगे फ्लैप बैरियर गेट। • नईदुनिया

### तैयार हो रहे मालवीय नगर वाले हिस्से के सेगमेंट

मेट्रो प्रबंधन द्वारा मालवीय नगर से खजराना चौराहे के बीच वायडक्ट के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। मेट्रो के कास्टिंग यार्ड में इसके लिए सेगमेंट का निर्माण कार्य शुरू हो गया। जल्द ही मालवीय नगर वाले हिस्से में पिलर का निर्माण कार्य शुरू होगा।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | Nav Bharat | Indore | 12.1.2025 | 09 | शेष बचे कार्यों को जल्द पूर्ण करें : चैतन्य |



# शेष बचे कार्यों को जल्द पूर्ण करें : चैतन्य

## मेट्रो के प्रबंध संचालक ने किया स्थलीय निरीक्षण, रेल सेफ्टी इन्स्पेक्शन के लिए तैयारी की समीक्षा की



**इंदौर. शनिवार को मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य द्वारा सुपर प्रयोरिटी कोरिडोर ( गांधीनगर स्टेशन से एस सी -3 स्टेशन ) एवं गांधीनगर डिपो पर चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया एवं मेट्रो कार्यालय मे प्रगति समीक्षा बैठक की गई. साथ ही कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी इन्स्पेक्शन के लिए तैयारी को लेकर निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा की एवं स्थलीय निरीक्षण किया गया.**

प्रबंध संचालक द्वारा सबसे पहले गांधीनगर डिपो से स्थल निरीक्षण की शुरुआत की गई जिसमे सबसे महत्वपूर्ण अवयव कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया एवं सभी सिस्टम्स संबंधी कार्यों से जानकारी ली. तत्पश्चात इन्स्पेक्शन-बे पर ट्रेन, सिगनलिंग इत्यादि प्रगति संबंधी सभी कार्यों से अवगत हुए सीएमआरएस इन्स्पेक्शन के लिए संबंधित विभागों के साथ सभी महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया. गांधीनगर स्टेशन से सुपर कॉरिडर 3 स्टेशन पर चल रहे आंतरिक एवं बाहरी सौंदरीयकर्ण के कार्यों का निरीक्षण किया एवं शेष बचे कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए. प्रबंध संचालक के समीक्षा बैठक एवं निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारीगण शोभित टंडन निदेशक सिस्टम, अजय गुप्ता निदेशक प्रोजेक्ट्स, रणवीर सिंह राजपूत महाप्रबंधक सिविल एलेवेटड, अजय कुमार महाप्रबंधक सिविल अन्डरग्राउन्ड के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया.

**सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य शुरू हुआ-** प्रबंध संचालक द्वारा मालवीय नगर स्टेशन से आगे पैकेज आईएन04- एलेवेटेड कार्यों की प्रगति संबंधी जानकारी मांगी, जिसमे अधिकारियों ने बताया कि शहीद बग़ीचा और खजराना चौराहा पर बनने वाले वायाडक्ट के लिए पहले सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य आज शुरू हो गया है.

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | Free Press Journal | Indore | 13.1.2025 | 03 | Metro's Malviya Nagar viaduct work begins |



# Metro's Malviya Nagar viaduct work begins

**Our Staff Reporter**

INDORE



A significant milestone in the Indore Metro project was achieved on Saturday as the first segment casting for the viaduct at Malviya Nagar (Radisson Square) commenced. The viaduct, part of the elevated construction, will connect Shaheed Bagicha and Khajrana Square, marking crucial progress in the city's Super Priority Corridor of Indore Metro.

S Krishna Chaitanya, managing director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation, inspected the site and reviewed the progress of the elevated works. Officials briefed him on the construction updates, highlighting that the work is advancing as per schedule. The viaduct is a key component of the Super Priority Corridor, designed to ensure seamless and efficient connectivity for residents of Indore.

The managing director emphasised maintaining high construction quality and meeting deadlines to ensure timely completion of the project.

This corridor is part of the broader Indore Metro initiative, aimed at transforming urban mobility and reducing traffic congestion in the city.

Senior officials, including representatives from the General Consultant and construction contractors, accompanied Chaitanya during the inspection.

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | पत्रिका | इंदौर | 13.1.2025 | 3 | सिक्योरिटी चेक, कलेक्शन मशीन संग स्टेशन तैयार |



#IndoreMetro जनवरी के अंत तक मेट्रो ट्रेन के संचालन की तैयारी

# सिक्योरिटी चेक, कलेक्शन मशीन संग स्टेशन तैयार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** वर्षों इंतजार के बाद इस महीने के अंत तक मेट्रो ट्रेन के संचालन की तैयारी है। मेट्रो स्टेशन के काम भी पूरे हो गए हैं। इंदौरवासी मेट्रो के सफर को लेकर उत्साहित हैं।

गांधी नगर डिपो से करीब 5.8 किलोमीटर यानी 5 स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन के संचालन के आसार बन गए हैं। हालांकि इस रूट पर आबादी नहीं होने से मेट्रो को ज्यादा यात्री मिलने की उम्मीद नहीं है, लेकिन मेट्रो में सवार होने को लेकर शुरुआती दिनों में भीड़ होने की संभावना है। कुछ दिन मेट्रो की यात्रा को मुफ्त भी किया जा सकता है। पांच स्टेशनों का काम अंतिम दौर में चल रहा है। गेट पर स्क्रीन लगी है, जिसमें मेट्रो स्टेशन पर स्वागत करने का संदेश चल रहा है।





सिक्योरिटी चेक का पाइंट और ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन की मशीन लग गई हैं। मशीन पर टिकट अथवा टोकन टच करने पर गेट खुलेगा और यात्री अंदर जा सकेंगे। टिकट खिड़की पर कम्प्यूटर भी लग गए हैं। स्टेशन पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर हैं, ताकि यात्रियों की पटरियों तक पहुंच न रहे। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. चैतन्य कश्यप का कहना है कि तैयारी पूरी है। सीएमआरएस की टीम दौरा कर ग्रीन सिग्नल देगी और मेट्रो संचालन शुरू हो जाएगा।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | पत्रिका | इंदौर | 20.1.2025 | 03 | दिनभर मेट्रो का ट्रायल, क्योंकि आ रही है सीएमआरएस टीम |




#IndoreMetro

22 को होगा रोलिंग स्टॉक का निरीक्षण

# दिनभर मेट्रो का ट्रायल, क्योंकि आ रही है सीएमआरएस टीम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** कमिश्नर मेट्रो रेल सिक्योरिटी व टीम 22 जनवरी को मेट्रो डिपो के रोलिंग स्टॉक का निरीक्षण करेगी। निरीक्षण से पहले मेट्रो कोच का दिनभर ट्रायल किया जा रहा है।

गांधी नगर डिपो से करीब 5.8 किलोमीटर के हिस्से में कमर्शियल रन शुरू करने के लिए सीएमआरएस की हरी झंडी मिलनी जरूरी है। 21 जनवरी को सीएमआरएस जनक कुमार गर्ग व उनकी टीम इंदौर आ जाएगी। 22 को डिपो में रोलिंग स्टॉक का निरीक्षण प्रस्तावित है। इसके बाद टीम के अलग से ट्रैक व स्टेशन के निरीक्षण का शेड्यूल तय होगा। जनवरी 2025 में इस हिस्से में कमर्शियल रन शुरू करने का लक्ष्य है, लेकिन सीएमआरएस के दौरे में देरी के कारण फरवरी तक टलने के आसार हैं। हालांकि अफसरों का कहना है कि तैयारी पूरी है। सीएमआरएस की हरी झंडी मिली तो जनवरी के आखिरी सप्ताह में ट्रेन शुरू कर दी जाएगी। उधर, सीएमआरएस की टीम आ रही है, इसलिए मेट्रो ट्रेन की ट्रायल बढ़ा दी गई है। जो ट्रायल रात में होती थी, वह दिन में 10-12 बार हो रही है। सुपर कॉरिडोर से निकलने वालों को ट्रेन ट्रैक पर चलती दिख रही है। ट्रायल रन का टारगेट पूरा करने के लिए दिन में भी ट्रेन चलाई जा रही है। मालूम हो, इंदौर में 3 डिब्बों वाले 25 कोच चलेंगे। 10 कोच आ चुके हैं।

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 21 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 21.1.2025 | 01 | छह किमी रूट पर प्रस्थान को तैयार है इंदौर मेट्रो |

दैनिक भास्कर इंदौर 21-01-2025 Pg-01



आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

इंदौर, मंगलवार 21 जनवरी, 2025 — माघ, कृष्ण पक्ष 7, 2081

कृपया ध्यान दें...

## छह किमी रूट पर प्रस्थान को तैयार है इंदौर मेट्रो

फोटो | संदीप जैन

## कमर्शियल रन से पहले सेफ्टी ऑडिट कल से... गांधीनगर डिपो से टीसीएस के बीच पांच स्टेशन का काम अंतिम चरण में

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन जनवरी के आखिरी सप्ताह में कमर्शियल रन की तैयारी कर रहा है। सीएमआरएस (कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी) की टीम मंगलवार को इंदौर आ रही है। कॉर्पोरेशन ने सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर कमर्शियल रन के लिए 6 किमी ट्रैक, तीन मेट्रो ट्रेन और पांच स्टेशन तैयार किए हैं। टिकट के लिए ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम लगाया गया है, इसमें ऑनलाइन पेमेंट पर जोर रहेगा। पहले चरण में टीम मेट्रो डिपो का निरीक्षण करेगी। इसके बाद स्टेशन पर लोक सुविधाएं व तकनीकी तैयारियां देखी जाएंगी। इन सब परीक्षा में पास होने के बाद कमर्शियल रन की मंजूरी मिल सकेगी।

परीक्षण से पहले मेट्रो की तकनीकी टीमें सुरक्षा, लोक सुविधा और प्लेटफॉर्म क्लीयरेंस को और पुख्ता बनाने में लगी हैं। इंदौर मेट्रो के अफसरों का दावा है कि गांधी नगर से टीसीएस तक लगभग 6 किमी ट्रैक पूरी तरह तैयार है।

### आज पहुंच जाएगी टीम, परीक्षण कल से

21 जनवरी को टीम आएगी। अफसरों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की जाएगी। 22 को टीम डिपो का निरीक्षण करेगी। इसके सभी सिस्टम देखेगी। स्टेशन व सिविल वर्क के लिए टीम अगले सप्ताह फिर आएगी।

### स्टेशन व ट्रैक दोनों पर चल रहा काम

फिलहाल गांधी नगर मुख्य स्टेशन के गेट नंबर दो की सीढ़ी पर फ्लोरिंग व पंप हाउस का काम चल रहा है। आंतरिक सड़क, मुख्य द्वार और इलेक्ट्रिक सिस्टम तैयार हो रहा है। टीसीएस के पास भी पावर हाउस बनाया है।

### इन कसौटियों पर होगा परीक्षण

**मेट्रो डिपो**

1. मेट्रो डिपो में रोलिंग स्टॉक, मेंटेनेंस यार्ड, ट्रैक व सिग्नल के कंट्रोल यूनिट व पॉवर हाउस बनाया है। टीम रोलिंग स्टॉक की सुरक्षा व मेंटेनेंस सिस्टम जांचेगी, ऑपरेशन सिस्टम का ट्रायल देखेंगे।

**स्टेशन**

2. प्रायोरिटी कॉरिडोर में पांच स्टेशन तैयार हैं। टीम अनाउंसमेंट सिस्टम, डिस्पले बोर्ड, लाइटिंग, फायर सेफ्टी सिस्टम, एलिवेटर व लिफ्ट, विकलांगों के लिए सुविधा की जांच करेगी।

**टिकट सिस्टम**

3. इंदौर में ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम रहेगा। नकद के बजाय ऑनलाइन पेमेंट पर जोर रहेगा। इसके लिए पर्याप्त विंडो और व्यवस्था देखी जाएगी। अन्य मेट्रो की तरह टोकन मिलेंगे।

**ट्रेन का ट्रैक**

4. मेट्रो का यह ट्रैक एलिवेटेड है। थर्ड रेल पॉवर सप्लाय सिस्टम है। इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल सिस्टम लगा है। टीम इनकी जांच करेगी। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म क्लीयरेंस भी देखेगी।

**सुरक्षा व स्टॉफ**

5. मेट्रो संचालन के लिए सुरक्षा और स्टॉफ का भी परीक्षण किया जाएगा। तीन ट्रेन तैयार की जा रही है। 15 प्रशिक्षित पायलेट रखे गए हैं। 150 से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति की जा रही है।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | नईदुनिया | इंदौर | 21.1.2025 | 2 | सुरक्षा ... स्क्रीन गेट खुलेंगे, उसके बाद ही मेट्रो के अंदर जा सकेंगे यात्री |



# सुरक्षा... स्क्रीन गेट खुलेंगे, उसके बाद ही मेट्रो के अंदर जा सकेंगे यात्री

उदय प्रताप सिंह ● नईदुनिया

इंदौर : मेट्रो स्टेशन के प्लेफार्म पर यात्री सुरक्षा के लिए 'स्क्रीन डोर' लगाए जा रहे हैं। सुपर प्रायरिटी कारिडोर के स्टेशन नंबर 3 पर सबसे पहले इन्हें लगाया गया है। ऐसे में जब प्लेटफार्म पर मेट्रो पहुंचेगी, तब स्क्रीन गेट खुलेंगे, उसके बाद ही यात्री मेट्रो के अंदर जा सकेंगे। इससे प्लेटफार्म पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

हालांकि अभी पांच से छह माह तक इन गेट की जांच की प्रक्रिया जारी रहेगी। ऐसे में जनवरी माह के अंत तक सुपर प्रायरिटी कारिडोर पर कमर्शियल रन शुरू होने तक भी इन गेट का संचालन शुरू नहीं हो पाएगा। जुलाई 2025 तक जब गांधी नगर स्टेशन से रेडिसन चौराहे तक 17.6 किलोमीटर के बीच ट्रेन चलेगी तब प्लेटफार्म पर लगे 'स्क्रीन गेट' का उपयोग किया जाएगा। इंदौर के स्टेशन पर लगाए जा रहे यह सुरक्षा स्क्रीन डोर मेड इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत भारतीय कंपनी द्वारा तैयार किए गए हैं।



सुपर कारिडोर स्टेशन-3 पर स्क्रीन गेट लगाए गए हैं। ● प्रफुल्ल चौरसिया आशु

- जुलाई तक गांधी नगर स्टेशन से रेडिसन तक चलेगी मेट्रो
- स्क्रीन गेट भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड ने किए हैं डिजाइन

### आज आएंगे सीएमआरएस

कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) जनक कुमार गर्ग मंगलवार दोपहर बाद पहुंचेंगे। वे दो दिन में मेट्रो डिपो व मेट्रो कोच का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में कोच व डिपो परिसर का निर्माण तय मापदंडों पर हुआ है या नहीं, यह परखेंगे।

देश के अन्य शहरों के मेट्रो स्टेशन पर चीन व अन्य विदेशी कंपनियों द्वारा विदेश में बनाए 'स्क्रीन गेट' ही अब तक लगाए गए हैं। इंदौर के मेट्रो स्टेशन पर लगाए जा रहे स्क्रीन गेट भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन किए गए हैं। कांच वाले ये स्लाइडिंग डोर है, मेट्रो जब प्लेटफार्म पर पहुचंगी तभी ये खुलेंगे। गौरतलब है कि एक साल पहले दिल्ली मेट्रो में महिला की साड़ी मेट्रो में फंसने के कारण मौत हो गई थी। ऐसी दुर्घटनाओं से यात्रियों की सुरक्षा के लिए मेट्रो प्लेटफार्म पर 'स्क्रीन गेट' लगाए जा रहे हैं। मेट्रो से निकलने के बाद जब तक यात्री स्क्रीन गेट से पार होकर प्लेटफार्म पर पूरी तरह नहीं पहुंचेंगे, तब तक प्लेटफार्म का स्क्रीन गेट बंद नहीं होगा। स्क्रीन गेट के बंद होने के बाद ही मेट्रो प्लेटफार्म से आगे बढ़ेगी।




मेट्रो स्टेशन पर संकेतक और रूट की जानकारी वाले बोर्ड लगाए जा रहे हैं। ● नईदुनिया

**फार्म पर लगाए जा रहे साइनेज, दिखने लगा भव्य स्वरूप :** सुपर प्रायरिटी कारिडोर के 5.9 किलोमीटर पर बने पांच स्टेशन पर जनवरी माह के अंत तक कमर्शियल रन होना है। ऐसे में प्लेटफार्म पर साइनेज लगाने का काम किया जा रहा है। प्लेफार्म पर यात्री कुर्सियां लग चुकी है, वहीं मेट्रो स्टेशन का रूट की जानकारी के बोर्ड भी लगाए गए हैं।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 22.1.2025 | 02 | मेट्रो का सेफ्टी ऑडिट : स्पीड, इमरजेंसी ब्रेक जांचे, सफर इसी माह से संभव |

दैनिक भास्कर इंदौर 22-01-2025

# इंदौर फ्रंट पेज




## मेट्रो ट्रेन... साल की सबसे बड़ी सौगात के कुछ ही दिन शेष










# मेट्रो का सेफ्टी ऑडिट : स्पीड, इमरजेंसी ब्रेक जांचे, सफर इसी माह से संभव

### स्टेशनों को अंतिम रूप दिया जा रहा, फिलहाल 6 किमी में होगा कमर्शियल रन, शुरुआत में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे लोग

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो ट्रेन का सेफ्टी ऑडिट मंगलवार से शुरू हो गया। मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) की टीम सुरक्षा मानकों की जांच करने इंदौर पहुंची। टीम ने सुबह से डिपो और स्टेशनों का अवलोकन किया। साथ ही ट्रेन का संचालन, स्पीड, इमरजेंसी ब्रेक सहित अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की। सीएमआरएस की मंजूरी मिलते ही मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू हो सकेगा। संभावना है कि इसी महीने से यात्री इसमें सफर कर सकेंगे।

दो महीने से मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन दस्तावेजों पर काम कर रहा है। टीम के निरीक्षण का शेड्यूल नहीं मिलने से मेट्रो ने कमर्शियल रन की तारीखें भी बढ़ाई हैं। सीएमआरएस से ग्रीन सिग्नल मिलते ही इसी माह के अंत तक मेट्रो ट्रेन आमजन के लिए शुरू की जाएगी। चूंकि इस रूट पर मेट्रो को ज्यादा यात्री नहीं मिलना हैं, इसलिए शुरू में इसे निःशुल्क चलाया जाएगा। मंगलवार को सीएमआरएस की टीम ने लोड टेस्ट भी किया। अब तक ट्रेन के 11 सेट इंदौर को मिल चुके हैं। इन्हें 90 किमी प्रति घंटा की स्पीड पर चलाकर भी देखा गया।




### सितंबर 2023 में इस रूट पर ट्रायल रन किया जा चुका

मेट्रो को गांधी नगर स्टेशन और सुपर कॉरिडोर के स्टेशन-3 के बीच 6 किमी ट्रैक पर चलाया जा रहा है। सितंबर 2023 में इस रूट पर मेट्रो का ट्रायल रन किया गया था। इस पूरे रूट पर पांच स्टेशन हैं, जिनका काम अब पूरा हुआ। टिकटिंग, एस्केलेटर, सीढ़ियां, लिफ्ट, वॉशरूम, कियोस्क, डिजिटल लॉकर, व्हीलचेयर, ऑटोमैटिक फ्लैप गेट, आरक्षित सीटें, आपातकालीन सुविधाएं आदि होंगी। इनमें से ज्यादातर की व्यवस्था हो चुकी है। कैफे, सोलर पैनल भी लगेंगे। मालूम हो, पहले चरण में 17.5 किमी के रूट पर मेट्रो का काम चल रहा है। इस पूरे रूट पर जुलाई तक कमर्शियल रन का दावा किया जा रहा है।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 29.1.2025 | 02 | मेट्रो के कमर्शियल रन के लिए तैयार है ट्रैक |

दैनिक भास्कर इंदौर 29-01-2025 Pg-02

# मेट्रो के कमर्शियल रन के लिए तैयार है ट्रैक





इंदौर| शहर में मेट्रो को लेकर हलचल जारी है। सुपर कॉरिडोर स्थित 6 किलोमीटर के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के अंतिम 5वें स्टेशन पर तैयारी चल रही है। सीएमआरएस की टीम ने मेट्रो डिपो और रोलिंग स्टॉक का निरीक्षण कर लिया है। जल्द ही टीम स्टेशन पर जनसुविधाओं का निरीक्षण करने के लिए आने वाली है। **फोटो | ओपी सोनी**

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | नईदुनिया | इंदौर | 30.1.2025 | 3 | आइएसबीटी से मेट्रो स्टेशन तक फुट ओवर ब्रिज से पहुंचेंगे यात्री |



# आइएसबीटी से मेट्रो स्टेशन तक फुट ओवर ब्रिज से पहुंचेंगे यात्री



आइएसबीटी और मेट्रो स्टेशन को जोड़ने के लिए बन रहा एफओबी। • नईदुनिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर** : कुम्हेड़ी में बन रहे इंटर स्टेट बस टर्मिनस (आइएसबीटी) से एमआर 10 ब्रिज के पास बन रहे मेट्रो स्टेशन पर यात्री पैदल पुल के माध्यम से पहुंच सकेंगे। मेट्रो प्रबंधन द्वारा आइएसबीटी से मेट्रो स्टेशन के बीच 20 मीटर हिस्से में 12 मीटर ऊंचाई पर फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) तैयार के लिए तीन पिलर पर स्लैब डाले जा रहे हैं। तीन से चार माह में यह आकार ले लेगा। ऐसे में जुलाई में जब गांधीनगर स्टेशन से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो का संचालन शुरू होगा तो आइएसबीटी से यात्री एफओबी से सीधे मेट्रो स्टेशन में पहुंच सकेंगे।

## प्रवेश व निकासी मार्ग का सेटअप तैयार

आइएसबीटी परिसर में मेट्रो रेल प्रबंधन द्वारा स्टेशन तक पहुंच के लिए प्रवेश और निकासी मार्ग का सेटअप तैयार किया जा रहा है। इसके तैयार होने के बाद स्वचलित सीढ़ियां लगाई जाएंगी। एक लिफ्ट भी लगाई जाएगी।